THE VILLAGE
INTERNATIONAL SCHOOL
"We Nurture Dreams"
AIM HIGH, TOGETHER WE FLY

| | | |
|---|---|---|
| **DATE- 30/8 /2022**<br>**GRADE- 10 AB** | **TERM -1[2022 -23 ]**<br>**HINDI [2ND Language]** | **Max marks- 80**<br>**Time – 3 Hrs** |

सामान्य निर्देश :

1. निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए |
2. प्रश्नों के उत्तर अंक अनुसार व क्रमानुसार दीजिए |

| प्रश्न | | अंक |
|---|---|---|
| I | नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए | |
| | भारत अनेक साधु-संतों और ऋषि मुनियों की भूमि रहा है\| जिन्होंने अपने आदर्शों से मनुष्य को सुख-शांति और संतोष का जीवन बिताने की प्रेरणा दी है। ऐसे ही संतों की श्रेणी में आते हैं तमिलनाडु के संत कवि तिरुवल्लुवर\| इनके जीवन के बारे में यह कहा जाता है कि इनके माता-पिता आदि और भगवन ने इनको पैदा होने के बाद छोड़ दिया था। इनका पालन-पोषण एक जुलाहा दंपत्ति ने किया था जिन्हें यह बालक पत्तों पर लेटा हुआ मिला था। ये जुलाहा दंपत्ति वल्लुव जाति के थे। वल्लुव घर में पालन होने के कारण बालक का नाम वल्लुवर पड़ा। अपने धार्मिक भावों के कारण वे तिरुवल्लुवर कहलाए। 'तिरु' तमिल भाषा का शब्द है जो हिंदी 'श्री' के लिए प्रयुक्त होता है।तिरुवल्लुवर की पत्नी वासुकी बहुत ही गुणवती और विदुषी थीं। आजीविका के लिए इन्होंने अपना पैतृक व्यवसाय ही अपनाया। दोनों पति-पत्नी सादा जीवन व्यतीत करते हुए परोपकार का कार्य करते। एक बार एक संन्यासी इनके घर आया। उनका विश्वास था कि नारी के साथ रहकर ईश्वर भक्ति नहीं हो सकती परंतु वासुकी और तिरुवल्लुवर का एक दूसरे के प्रति प्रेम,निष्ठा और सहयोग भाव के साथ ईश्वर भक्ति से अनुरिक्त देखकर नारी जाति के प्रति उनकी दुर्भावना तिरोहित हो गई। विदा होते समय संन्यासी ने वासुकी के चरण स्पर्श किए। | |
| **1.** | मनुष्य को सुख-शांति और संतोष का जीवन बिताने की प्रेरणा कौन देता है? | **1** |
| **2.** | तिरुवल्लुवर को जन्म देने वाले माता-पिता कौन थे? | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| **3.** | तिरुवल्लुवर का नाम 'वल्लुवर' क्यों पड़ा? | **1** |
| **4.** | नारी जाति के प्रति दुर्भावना रखने वाले संन्यासी के विचार किस प्रकार बदले? | **1** |
| **5.** | तिरुवल्लुवर का पैतृक व्यवसाय क्या था? | **1** |
| **II** | नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए | |
| | चील माँसाहारी पक्षी है। वैसे वह रोटी-पूड़ी आदि को भी झपट कर उसका भक्षण कर जाती है, लेकिन किसी साँप या चूहे को जब वह खेतों से उठाने का उपक्रम करती है तो उसका वह झपट्टा देखते ही बनता है। मरे साँप और चूहों को ही नहीं, जीवित सर्प और दौड़ते चूहे भी अगर उसे किसी खेत में दिख जाएँ तो वह उनको तत्क्षण उठा ले जाती है। उसकी चाँच बहुत मजबूत और तेज होती है। उसके पंजों के नख भी बहुत तीक्ष्ण होते हैं। इनसे वह लाए हुए साँप और चूहों के शरीर को फाड़ देती है और तब आराम से उनका भोजन करती है। बहुत ऊपर उड़ते हुए भी चील भूमि पर चलते हुए सर्प को देख सकती है। उसकी आँखें बहुत तेज़ होती हैं। वैसे अनेक बार वह मांस के टुकड़े के धोखे में लाल पत्थर अथवा मरे हुए सर्प के धोखे में मोतियों की मालाओं को भी उठा लेती है। इस तरह की अनेक चीजें उसके घोंसलों में अक्सर पाई गई हैं। ऊँचे वृक्षों के बीच चील अपने घोंसले बनाती है। यह घोंसले सूखी टहनियों से बने होते हैं और कौओं के घोंसलों की अपेक्षा आकार में बड़े होते हैं। अन्यान्य पक्षियों की भाँति चील अपने घोंसलों के निर्माण में मोटी टहनियों का ही इस्तेमाल करती है। काले रंग का छोटा भुजंगी पक्षी तो कौए और चील दोनों का ही शत्रु है और दोनों ही उससे बहुत भयाक्रांत रहते हैं। यह पक्षी इनके ऊपर-नीचे तेजी से उड़ान भरते हुए अपनी चोंच से उन पर अनवरत चोट करता रहता है। | |
| **1** | चील का झपट्टा कब देखते बनता है? | **1** |
| **2** | साँप और चूहों के शरीर चील कैसे फाड़ देती है? | **1** |
| **3** | चील के घोंसले किस प्रकार के होते हैं ? | **1** |
| **4** | चील का शत्रु कौन सा पक्षी है? | **1** |
| **5** | चील अपने घोंसले कहाँ बनाती है? | **1** |
| **III.** | उपरोक्त वाक्यों में रेखांकित पदबंधों का भेद लिखिए । | |
| **1.** | वह तोता बहुत <u>आज्ञाकारी और सुंदर</u> है | **1** |
| **2.** | <u>पुस्तक पढने वाला वह</u> इस इलाके में नया है \| | **1** |
| **3.** | <u>वह बड़ी गाड़ी ,</u>मेरी है \| | **1** |
| **4.** | <u>शांति से बहती हुई नदी</u> मन को बहती है \| | **1** |

PREPARED BY - Ms. VIDHYA RAJESH CHECKED BY - Ms ZEEMA VISWANATHAN
Ms VIDHYA RAJESH

| | | |
|---|---|---|
| **5.** | राम बहुत <u>धीरे धीरे </u>चल रह है \| | **1** |
| **IV** | निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़कर वाक्य के भेद चुनकर लिखिए । | |
| **1** | प्रातः सुबह उठो और निरंतर व्यायाम करो । | **1** |
| **2** | परिश्रमी मजदूर को सभी काम पर बुलाते हैं । | **1** |
| **3** | जैसे ही महात्मा जी आए वैसे ही भीड़ उनके स्वागत में खड़ी हो गई । | **1** |
| **4** | मजदूरी पाते ही मजदूर घर चला गया । | **1** |
| **5** | जो परिश्रमी होते हैं, वह काम से नहीं डरते । | **1** |
| **V** | निम्नलिखित पाँच भागों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्पों का चयन कीजिए | |
| **1** | 'पीतांबर' कौन सा समास है ? | **1** |
| **2** | 'दाल -रोटी' का समास विग्रह कीजिए \| | **1** |
| **3** | 'राजतंत्र' कौन सा समास है ? | **1** |
| **4** | 'चौराहा' कौन सा समास है ? | **1** |
| **5** | 'समय के अनुसार' का समस्त पद क्या है ? | **1** |
| **6** | 'लालमणि' कौन सा समास है ? | **1** |
| **VI** | निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उतर लिखिए \| | |
| **1.** | पर्वत प्रदेश में पावस से पहले की किन्ही दो विशेषताओ का वर्णन कीजिए \| | **2** |
| **2.** | कबीर मनुष्य को कैसी वाणी बोलने को कह रहे है ? | **2** |
| **3.** | मीरा श्रीकृष्ण कि क्या बनकर रह चाहती है और क्यों ? | **2** |
| **4.** | तोप को कब चमकाया जाता है ? | **2** |
| **5.** | हमें निदक को अपने निकट क्यों रखना चाहिए ? | **2** |
| **VII** | क . तोप कविता से क्या सीख मिलती है ? | **4** |

| | | |
|---|---|---|
| | अथवा<br>ख .'मनुष्यता' कविता के प्रतिपाद्यको अपने शब्दों में लिखिए । | |
| **VIII** | निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उतर लिखिए \| | |
| **1** | छोटे भाई को क्या करना पसंद था ? | **2** |
| **2** | तताँरा की तलवार के बारे में लोगों का क्या मत था ? | **2** |
| **3** | बड़े भाई साहब कौन सी कला में निपुण थे ? | **2** |
| **4** | वामीरो से मिलने के बाद तताँरा के जीवन में क्या परिवर्तन आया? | **2** |
| **5** | बड़े भाई साहब छोटे भाई को क्या सलाह देते थे और क्यों ? | **2** |
| **IX** | निकोबार द्वीप समूह के विभक्त होने के बारे में निकोबारियों का क्या विश्वास था ?<br>अथवा<br>बड़े भाई साहब की स्वभावगत विशेषताएँ बताइए। | **4** |
| **X** | निम्नलिखित में से किसी **1** विषय पर दिए गए संकेत -बिंदुओं के आधार पर लगभग **150** शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए \|<br><br>क ] प्रकृति की रक्षा, मानव की सुरक्षा<br>● मनुष्य प्रकृति का अंग<br>● प्रकृति से खिलवाड़<br>● बढ़ता प्रदूषण<br>● प्रकृति की रक्षा, मानव-जाति का कर्तव्य<br><br>ख ] सैनिक देश के रक्षक<br>● सैनिकों के प्रति सद्भाव<br>● त्याग और शौर्य के प्रतीक<br>● सैनिकों से प्रेरणा<br>● देश का गौरव | **6** |
| **XI** | आप नवोदय विद्यालय दिल्ली के छात्र अभिनव है , आपको दो दिन से बुखार है और डॉक्टर ने आपको आराम करने के लिए कहा है \| प्रधानाचार्य को दो दिन का अवकाश प्रदान करने हेतु पत्र लिखिए \| | **6** |

| | | |
|---|---|---|
| **XII** | विद्यालय में छुट्टी के दिनों में भी प्रातःकाल में योग की अभ्यास कक्षाएँ चलने की सूचना देते हुए इच्छुक विद्यार्थियों द्वारा अपना नाम देने हेतु सूचना-पट्ट के लिए एक सूचना लिखिए।<br><br>अथवा<br><br>दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों हेतु विद्यालय में शीतकालीन अवकाश में अतिरिक्त कक्षाओं की व्यवस्था की गई है। प्रधानाचार्य की ओर से सभी विद्यार्थियों को लगभग **50** शब्दों में एक सूचना लिखकर सूचित कीजिए। | **6** |
| **XIII** | आपके राज्य में चुनाव होने वाले हैं। ज़्यादा से ज़्यादा मतदान करने हेतु जागरुकता फैलाते हुए लगभग **50** शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए।<br>अथवा<br><br>‘स्वादिष्ट’ अचार बनाने वाली कंपनी के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए। | **6** |
| **XIV** | ‘परिश्रम का फल’ **- 150** शब्दों में लघु कथा लेखन कीजिए **\|** | **6** |

PREPARED BY - Ms. VIDHYA RAJESH

CHECKED BY - Ms ZEEMA VISWANATHAN
Ms VIDHYA RAJESH